**दिनांक- 07-08-2018**

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष- 2016-17

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी-95, दूसरा फ्लोर, सी.ऐल. हाउस, गौतम नगर

न्यू दिल्ली – 110 049

ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011-4165 4200

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष- 2016-17

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा प्रस्तुत यह रिपोर्ट क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान विवरण पर केंद्रित है| दलों की यह जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं |

## सारांश

इस सारांश में रिपोर्ट का प्रमुख अवलोकन नीचे सूचीबद्ध दिया गया है :


I. **क्षेत्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को जमा किये गए दान रिपोर्ट (वि व् 2016- 2017)**

a. **रिप्रजेंटेशन ऑफ़ पीपुल्स अधिनियम 1951** के 29C (1)) तहत, दलों को कर में 100% की छूट के लिए रु 20,000 से अधिक के दान का विवरण चुनाव आयोग को सालाना जमा करना होता है | लेकिन वित्तीय वर्ष 2016-17 में देखा गया है की **सात क्षेत्रीय दलों (**SAD, MGP, DMK, AINRC, AGP, NPF और DMDK) ने अपने दान रिपोर्ट में रु 20,000 से कम के दान का भी विवरण दिया है |

b. क्षेत्रीय दलों द्वारा वि व् 2016-17 में अर्जित की गयी रु 20,000 से अधिक और कम की दान राशि **रु 91.37 करोड़** है जो **6339 दानों** द्वारा प्राप्त हुई है |

c. **Shivsena** को **297 दानों** द्वारा पूरे भारतवर्ष से **रु 25.65 करोड़** प्राप्त हुआ वही दूसरे स्थान पर **AAP** को **3865 दानों** से **रु 24.73 करोड़** मिला और **SAD** ने **रु 15.45 करोड़** का दान दर्शाया है |

d. क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त कुल दानों का **72.05%** या **रु 65.83 करोड़** का दान शीर्ष के तीन दलों ने प्राप्त किया है |




## II. वि व् 2015-16 और 2016-17 में क्षेत्रीय दलों को प्राप्त दान की तुलना

a. वि व् 2015-16 और 2016-17 में केवल **AGP, SAD, JDS, MNS** और **AAP** दलों के ही दान रिपोर्ट में सबसे अधिक प्रतिशत दान की वृद्धि हुई है |

b. दान रिपोर्ट की तुलना करने से पता चलता है की **AGP** के दान में **7183%** की वृद्धि इसके बाद **SAD** के दान में **5842%** की वृद्धि और **JDS** के दान में **596%** की वृद्धि देखी गयी है |

c. शीर्ष पांच दलों में से केवल **Shivsena** के दान में **70%** या **रु 61.19 करोड़** की गिरावट देखी गयी है |




## III. वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित नकद दानराशि


29 अगस्त 2014 को चुनाव आयोग की एक अधिसूचना में कहा कि " **कोई भी व्यक्ति या कंपनी, जो नकदी के माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदा देगी उसे कर में कोई छूट नही दी जायेगी**" | यह अधिसूचना वि व् 2014-15 के बाद से लागू किया गया था | लेकिन वित्तीय वर्ष 2016-17 में क्षेत्रीय दलों ने **नकदी** के माध्यम से **रु 2.82 करोड़** का दान अपने दान रिपोर्ट में घोषित किया है |

a. वि व् 2016-17 के दौरान क्षेत्रीय दलों को कुल **रु 91.37 करोड़** का दान प्राप्त हुआ है, जिसमें **नकदी** के माध्यम से **रु 2.82 करोड़** (1919 दानों) का दान प्राप्त हुआ है, जो पूरे दान का **3.09%** है |

b. नकदी के माध्यम से **AINRC** ने सबसे अधिक **रु 65 लाख** का दान , **AGP** ने **रु 41.20 लाख** और **NPF** ने **रु 41 लाख** का दान प्राप्त किया है |

c. सभी राज्यों में से क्षेत्रीय दलों को **आसाम** से **रु 72.70 लाख** और **पांडिचेरी** से **रु 65.30 लाख** का दान नकदी के माध्यम से प्राप्त हुआ है |

d. वि व् 2016-17 के दौरान, **6 दलों** (NPF, MGP, DMK, BPF, SHS और AGP) ने अपने दान रिपोर्ट में **रु 60 लाख** नकद दान का पता नहीं दिया है (**संदर्भ - अनुबंध -1** )




IV. **<u>क्षेत्रीय दलों का राज्यवार दान</u>**


a. चुनाव आयोग में दलों द्वारा जमा किये गए दान रिपोर्ट से, एडीआर ने दान दाताओं द्वारा घोषित किये गए पते से क्षेत्रीय दलों का राज्यवार विवरण किया है |


b. क्षेत्रीय दलों को **29 राज्य/संघ** शासित प्रदेशों और **27 देशो** से दान मिला है | विदेश से केवल आम आदमी पार्टी को ही चंदा मिला है |

c. वि व् 2016-17 में, क्षेत्रीय दलों को दिल्ली से कुल **रु 20.86 करोड़**, महाराष्ट्र से **रु 19.70 करोड़** और पंजाब से **रु 9.42 करोड़** दान मिला है |

e. आम आदमी पार्टी ने अपने कुल आय का **35.67%** या **रु 8.82 करोड़** का दान **विदेश** से प्राप्त किया है | ((**संदर्भ - अनुबंध -2** )

d. क्षेत्रीय दलों ने अपने दान रिपोर्ट में दान दाताओं के अधूरी जानकारी देने के कारण, दलों के कुल दान का **15.74% या रु 14.38 करोड़** का दान, किसी राज्य या संघ शासित प्रदेशों में नहीं जोड़ा जा सका है |





V. <u>**क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित दान रिपोर्ट में पैन का विवरण**</u>

a. **25 क्षेत्रीय दलों** ने अपने दान रिपोर्ट में प्राप्त दान घोषित किया है उसमें से 18 दलों ने बिना पैन विवरण के भी दान दर्शाया है |

b. क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त कुल दान राशि का **25.26%** यानी **रु 23.08 करोड़** का पैन विवरण नहीं है |

c. विश्लेषण करते समय देखा गया है की BPF, MGP, PMK, RJD और ZNP ने अपने दान रिपोर्ट में एक भी दान दाता का पैन विवरण घोषित नही किया है |

d. यहाँ ध्यान देने की बात है की केवल **आम आदमी पार्टी** ने **रु 8.82 करोड़** का दान **विदेशों** से घोषित किया है | जिसमें से **रु 8.32 करोड़** के दान का पैन विवरण **उपलब्ध नहीं** है |




## एडीआर के सुझाव

a. सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नही रहना चाहिए इसी प्रकार फॉर्म 24ए (जोकि राजनीतिक, दलों द्वारा रु 20,000 ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए |

b. चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सिमा के अंतर्गत जिन दलों ने अपने दान रिपोर्ट जमा नहीं किया है उनको कर में छूट नहीं देनी चाहिए और उनके पूरे आय पर कर लागू होना चाहिए |

c. सार्वजानिक जाँच हेतु राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों को अपने दल को मिले दान का उचित तथा पूर्ण विवरण समय पर चुनाव आयोग को जमा कर देना चाहिए। फलस्वरूप ये वित्तीय पार्दर्शिता को प्रोत्साहित करेगा |

d. राजनीतिक दलों को सुचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए | ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा |

## सम्पर्क करें



| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head, NEW & ADR<br>+91 8826479910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd)<br>Founder, NEW & ADR<br>+919999620944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder, NEW & ADR<br>+919448353285,<br>trilochans@iimb.ernet.in |



## अस्वीकरण

इस रिपोर्ट में डेटा का विश्लेषण वि व् 2016-17 में क्षेत्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को जमा किये गये दान रिपोर्ट से बनाया है | जानकारी के लिए क्लिक करें | http://eci.nic.in/eci_main1/PolPar/political_parties_Contribution_report_2017.aspx

क्षेत्रीय दलों के दान दाताओं का पूर्ण विवरण: कृपया क्लिक करें **http://myneta.info/party.**

क्षेत्रीय दलों के दान का अनुसंधान रिपोर्ट के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें **http://adrindia.org/research-and-report/political-party-watch**